# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

# सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 13.09.2025

**1.थाना फेस-2 पुलिस द्वारा चोरी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 2,90,000/-रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त हाईड्रा बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 13.09.2025** को थाना फेस-2 पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से चोरी करने वाले 03 अभियुक्त 1. गुफरान पुत्र सनाउल्लाह 2. राकेश पुत्र सत्तेराम 3. दिनेश पुत्र नेत्रपाल को सेक्टर-83 मेट्रो स्टेशन के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे चोरी के माल की बिक्री से प्राप्त 2,90,000/-रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त हाईड्रा बरामद किया गया है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्तों द्वारा ऐसी कंपनी को निशाना बनाकर जहाँ कम सिक्योरिटी है, से अभियुक्त दिनेश की हाइड्रा की मदद से कंपनी में रखे केबल तार के बण्डल चोरी कर लिए थे। अभियुक्तों द्वारा लोगों को मजबूरी बताकर सस्ते दामों में कंपनी से चोरी किए गए केबल तार के बण्डल बेच दिए गए जिन्हें बेचकर अभियुक्तों द्वारा धन प्राप्त किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. गुफरान पुत्र सनाउल्लाह निवासी ग्राम रीबा, थाना डोमरियागंज, सिद्धार्थनगर, वर्तमान पता सोनिया विहार थाना सवापुर, दिल्ली, उम्र- 28 वर्ष, शिक्षा- कक्षा 12वीं।
2. राकेश पुत्र सत्तेराम निवासी गांव सराय राजीव, थाना लालगंज झारा, प्रतापगढ़ वर्तमान पता सोनिया विहार थाना सवापुर, दिल्ली, उम्र- 40 वर्ष, शिक्षा- कक्षा 9वीं। पता सोनिया विहार गली न0-12 थाना सवापुर दिल्ली उम्र 40 वर्ष शिक्षा- कक्षा -9th तक
3. दिनेश पुत्र नेत्रपाल निवासी बसूआहार, थाना भौगांव, मैनपुरी वर्तमान पता हौजरी कोम्पलेक्स के पास, थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर, उम्र-38 वर्ष, शिक्षा- कक्षा 10वीं।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

1. मु0अ0सं0- 454/2025 धारा 303(2)/317(2)/3(5) बीएनएस, थाना फेस-2, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1. 2,90,000/-रुपये नकद।
2. घटना में प्रयुक्त हाईड्रा।